## माध्यमिक शिक्षक भर्ती- 2025 का मामला

# आनलाईन फार्म भरने में आ रहीं विसंगतियों को चुनौती

**राज्य शासन को दो दिन में जवाब पेश करने निर्देश**

जबलपुर।

माध्यमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान आनलाइन आवेदन फार्म में सरकारी कर्मचारियों और अतिथि शिक्षकों के लिए विकल्पों की विसंगतियों को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए राज्य शासन को दो दिन में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।



हाई कोर्ट में यह मामला जबलपुर निवासी प्राथमिक शिक्षक सत्येन्द्र कुमार कुर्मी व अन्य की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता धीरज तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षक भर्ती के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। पोर्टल में सिर्फ सरकारी कर्मचारी और अतिथि शिक्षक का विकल्प दिया गया है। उम्मीदवारों को दो में से सिर्फ एक ही विकल्प चुनना है। ऐसे में वे उम्मीदवार, जो सरकारी कर्मचारी भी हैं और अतिथि शिक्षक के रूप में भी अनुभव रखते हैं, अपने वास्तविक विवरण दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते हजारों की संख्या में उम्मीदवार चयन प्रक्रिया से वंचित हो रहे हैं, जो अवैधानिक है।

## जनता से विश्वासघात कर कानून-व्यवस्था को खतरे में डाला

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार यादव की अदालत ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि जनता से विश्वासघात कर कानून-व्यवस्था को खतरे में डाला गया था। मौके पर बलवे जैसे हालात बन गए थे। लिहाजा, घाट फेस्टिबल के आरोपित मैनेजर राहुल मिश्रा की जमानत अर्जी निरस्त की जाती है।राज्य शासन की ओर से एजीपी लहर दीक्षित ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि सिनेक्राफ्ट इंटरटेनमेंट, जबलपुर द्वारा 23 जनवरी, 2025 को कलाकारों की मौजूदगी में घाट फेस्टिबल आयोजन की टिकिट बेचकर आयोजन न करने जैसा अवैधानिक कदम उठाया था। दरअसल, कार्यक्रम के अनुसार कामेडियन सुनील ग्रोवर व अभिनेता व गायब पीयूष मिश्रा जैसे नामी कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देनी थी। इसके लिए आयोजक संस्था ने बुक माय शो के नाम से महंगे दामों पर टिकिट विक्रय की थी, लेकिन कार्यक्रम के दौरान कोई कलाकार उपस्थित नहीं हुआ। इतना ही नहीं मंच में उपस्थिति देने वालों का भी भुगतान नहीं किया गया, जिससे उन्होंने भी काम नहीं किया। करीब दो हजार लोग कार्यक्रम देखने के लिए मौजूद थे, कार्यक्रम न होने की उन्हें संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई, जिससे भीड़ आक्रोशित हो गई और ला एंड ऑर्डर खतरे में पड़ा। बड़ी मुश्किल से पुलिस व प्रशासन ने भीड़ पर नियंत्रण किया, इस दौरान जमकर तोड़फोड़ हुई थी। कलेक्टर के आवेदन पर भेड़ाघाट पुलिस ने आरोपित मैनेजर राहुल मिश्रा सहित अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले के अन्य आरोपित अभी फरार हैं और जांच जारी है। अदालत ने तर्क सुनकर जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

## रात में तेज आवाज में डीजे बजाते संचालक गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोसलपुर पुलिस ने रात्रि भ्रमण दौरान खिन्नी तिराहा में तेज आवाज में साउंड बॉक्स बजाने वाले डीजे संचालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मिक्सर मशीन, एक साउंड बाक्स जब्त किए है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर कालोनी निवासी 51 वर्षीय डीजे संचालक महेंद्र कोष्टा गत रात खिन्नी तिराहा में तेज आवाज में साउंड बॉक्स बजा रहा था। रात्रि भ्रमण के दौरान खिन्नी तिराहा में पहुंची पुलिस ने डीजे संचालक महेंद्र कोष्टा को गिरफ्तार कर लिया है। डीजे साउण्ड बजाने की अनुमति पूछने पर कोई अनुमति नहीं होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मिक्सर मशीन, एक साउंड बाक्स जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## एमपी बोर्ड की परीक्षाएं 24-25 फरवरी से

# 300 परीक्षा केंद्रों पर पेपर लीक और नकल रोकने लगाए जाएंगे जैमर

- प्रत्येक परीक्षा केंद्र का कराया भौतिक निरीक्षण, रिपोर्ट गोपनीय टीम ने बनाकर भेजी मुख्यालय



हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेश में 25 फरवरी से शुरू हो रही मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं को लेकर माशिमं ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। इस बार इन परीक्षाओं में करीब 16.60 लाख स्टूडेंट शामिल हो रहे हैं। इसमें 10वीं में करीब 9.53 लाख और 12वीं में 7.06 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड ने परीक्षा के लिए 3887 केंद्र बनाए हैं। इनमें करीब 500 से अधिक संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केन्द्र हैं।

ऐसे में परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने सहित सुरक्षा को लेकर बोर्ड और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जैमर, सीसीटीवी कैमरों, मोबाइल पर प्रतिबंध सहित अन्य पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। परीक्षा केंद्रों के बाहर नकल पेटियां रखी जाएंगी। इसमें विद्यार्थी स्वेच्छा से नकल सामग्री डाल सकेंगे। साथ ही इस बार परीक्षा के दौरान निगरानी ऑनलाइन की जाएगी, जिसके लिए मंडल में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक परीक्षा के दौरान नकल और पेपर लीक के मामले सामने आते हैं। इसमें अधिकतर स्थानों पर मोबाइल का प्रयोग कर लोग पेपर लीक जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

इसी को देखते हुए विभाग ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र का भौतिक निरीक्षण कराया। जिसकी रिपोर्ट गोपनीय टीम ने बनाकर दी है। इनमें करीब 300 परीक्षा केंद्रों पर पेपर लीक और नकल की संभावना को देखते हुए संबंधित परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाने की योजना बनाई गई है। जिससे बोर्ड परीक्षा के दौरान इंटरनेट और संचार गतिविधियों को रोका जा सके।

## घर में बेचने के लिए अवैध रुप से रखा 350 लीटर कैरोसिन जब्त

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने अंसार नगर में अवैध रुप से मिट्टी तेल बेचने के लिए रखे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 350 लीटर मिट्टी तेल (कैरोसिन) और एक स्कूटी जब्त की है। गोहलपुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अंसार नगर चौपड़ा गोहलपुर निवासी 23 वर्षीय उबैश अंसारी के निवास पर गत दिवस छापा मारकर उसके घर की सीढ़ी के नीचे प्लास्टिक के नीले रंग के 3 ड्रम में रखी 350 लीटर मिट्टी का तेल एवं मिट्टी तेल नापने चाडा एवं एक प्लास्टिक का पाईप व स्कूटी जब्त कीहै। पुलिस ने आरोपी उबैश अंसारी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक को जारी किया नोटिस

**जबलपुर।** संभागायुक्त अभय वर्मा ने मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं एल-2 अधिकारी के विरूद्ध कलेक्टर कटनी दिलीप कुमार यादव द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही के भेजे प्रस्ताव के आधार पर अहिरवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संभागायुक्त श्री वर्मा द्वारा जारी नोटिस में एल.एल. अहिरवार को 15 दिवस के भीतर पक्ष रखने के निर्देश दिए गये हैं। उल्लेखनीय है कि कटनी कलेक्टर श्री यादव ने सी.एम.हेल्पलाइन के मामलों के निराकरण में रूचि नहीं लेने पर एल-2 अधिकारी क्षेत्रीय प्रबंधक एल.एल. अहिरवार के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव संभागायुक्त जबलपुर श्री वर्मा को भेजा था।कलेक्टर कटनी ने संभागायुक्त को भेजे प्रस्ताव में उल्लेखित किया था कि सी0एम0 हेल्पलाईन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय-सीमा में अटेंड किया जाकर शिकायतों का निराकरण किये जाने के निर्देश है, किन्तु माह जनवरी 2025 की प्राप्त शिकायतों में श्री अहिरवार द्वारा 67 शिकायतों को अटेंड नहीं किये जाने के कारण उच्च लेबल पर अंतरित हो गई। जिससे जिले एवं विभाग की ग्रेडिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है तथा कटनी जिले को 10 नंबर के वेटेज में 9.88 अंक ही प्राप्त हो रहे है। पूर्व के माहों में शासन स्तर से जारी ग्रेडिंग में जिला कटनी निरंतर दो माहों से 0.54 अंक से दिसम्बर 2024 एवं 0.30 अंक से नवंबर 2024 में मामूली अंतर से प्रथम स्थान प्राप्त न कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है जिससे स्पष्ट होता है कि कम अंकों के मार्जिन से जिला प्रथम स्थान अर्जित नहीं कर पा रहा है। सी0एम0 हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में अटेंड न किये जाने से जिले को 0.12 अंक कम प्राप्त हो रहे है। साथ ही आम जनता विशेषकर किसानों के भुगतान संबंधी शिकायतों को अटेंड न किये जाने से शिकायतों की संतुष्टिपूर्ण बंद कराये जाने की संभावना को एल-2 स्तर से समाप्त कर दिया गया है। जिससे जिले को 60 प्रतिशत संतुष्टि के वेटेज में भी नुकसान हुआ है। इसके लिये एल-2 अधिकारी एल.एल. अहिरवार जिम्मेदार हैं। साथ ही इनका आचरण कदाचरण की श्रेणी में आता है तथा मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-10 के तहत शास्ति अधिरोपित किये जाने योग्य है।



## लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें : मंत्री सिंह

जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नागपाल गार्डन स्थित कार्यालय में आमजनों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट की। इस दौरान आमजनों द्वारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिये। जिसमें मुख्य रूप से पेंशन, पात्रता पर्ची, साफ-सफाई, सड़क तथा फीस से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान मदन महल पहाड़ी से तेवर पुनर्वासित होने वाले लोग भी मंत्री श्री सिंह से मिले और सुविधा तथा व्यवस्थाओं को लेकर अपनी बात रखी। जिस पर मंत्री ने कहा कि तेवर में पुनर्वास के लिए सभी समुचित व्यवस्था की जा रही है।

मंत्री श्री सिंह ने एक-एक व्यक्ति के पास जाकर उनकी समस्याओं को पूछा और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने इसके पूर्व मंत्री श्री सिंह रांझी बड़ा पत्थर में श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा में शामिल हुए। मंत्री श्री सिंह ने नागपाल गार्डन में आमजनों से भेंट करने के बाद नरसिंह मंदिर पहुंचकर संतजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पचमठा मंदिर गढ़ा, बिगबाजार के सामने गौरीघाट आदि विभिन्न स्थानों पर श्रीराम कथा व भागवत कथा जैसे धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

## स्वास्थ्य केंद्र के बाबू को 33 सौ रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा

**जबलपुर।** लोकायुक्त पुलिस ने जबलपुर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एलडीसी रवि बोहत को 33 सौ रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। यह कार्रवाई स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुशीला गुप्ता की शिकायत पर की गई। आवेदिका, सुशीला गुप्ता, जो कि राजा चौक स्थित मकसूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं, ने लोकायुक्त के पुलिस अधीक्षक संजय साहू को एक लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में सुशीला ने बताया कि हर माह उन्हें शासन द्वारा विभिन्न मदों के तहत भुगतान मिलने चाहिए थे, लेकिन आरोपी रवि बोहत इन भुगतान राशियों में से अवैध रूप से हिस्सा मांग रहा था।

सुशीला के अनुसार, उन्हें 100 रुपये प्रति माह भुगतान पत्र, दो बच्चों के टीटी ऑपरेशन की राशि (1000 रुपये), नवजात शिशु देखरेख समिति द्वारा दिए गए 100 रुपये और महिला आरोग्य समिति की 5000 रुपये में से 2000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। इस माह, आरोपी ने 3300 रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसे लेकर उन्होंने शिकायत की और लोकायुक्त पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई।लोकायुक्त के ट्रैप दल में उप पुलिस अधीक्षक सुरेखा परमार, इंस्पेक्टर शशिकला मस्कुले, इंस्पेक्टर जितेंद्र यादव, इंस्पेक्टर मंजू तिरकी, और उप निरीक्षक शिशिर पांडे के साथ पूरी टीम शामिल थी।



## छत से गिरे युवक की मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत बापूनगर रांझी में मकान की छत से गिरे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बापूनगर रांझी निवासी 42 वर्षीय महेंद्र सिसोदिया गत रात लगभग 7.45 बजे घर की छत से पीछे तरफ गिर गया, जिस कारण वह बेहोश हो गया। उसके भाई सुरेंद्र और मां ने उसे 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे मेडीकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। रात लगभग 9.30 बजे उपचार दौरान महेन्द्र सिसोदिया की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## नशेड़ी युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत कृष्णा कालोनी सुहागी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदि था और वह कई प्रकार का नशा भी करता था, जिस कारण उसे नशा मुक्ति केंद्र में भी रखा गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी सुहागी निवासी 29 वर्षीय विशाल सिंह अपनी विधवा मां श्रीमति रीता सिंह के साथ रहता था। विशाल शराब पीने का आदि था जो कई प्रकार का नशा भी करता था। जो 5 से 6 साल पहले नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती था और उसमें कोई सुधार नहीं हुआ। देर रात लगभग 12.15 से 1 बजे के बीच विशाल खाना खाकर ऊपर वाले कमरे में गया। उसकी मां रीता ने ऊपर जाकर देखा तो विशाल ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाईक सवार 2 युवक घायल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत कटंगी रोड नगना मोड़ के पास एक ट्रक ने एक बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर लगने से बाईक में सवार दो युवक नीचे गिरकर घायल हो गए।माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भरतरी निवासी 18 वर्षीय साहिल बर्मन गत शाम लगभग 4 बजे अपने पहचान के भाई शांतनु बर्मन के साथ काम से मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन डब्ल्यु 6479 से अपने घर से कटंगी वायपास गया था जहां से अपने घर लौटते समय कटंगी रोड नगना मोड़ के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एमएच 40 वाई 1301 के चालक ने उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे दोनों रोड़ में गिर गये और दोनों को हाथ पैर एंव शरीर में चोटें आ गयीं। शांतनु को उपचार निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और साहिल को मामूली चोटें आई है।

## मनमाने आदेश से प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं : इंजी. जैन

**पत्रोपाधि विद्युत अभियंता संघ के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कनिष्ठ अभियंताओं और लाइनमेन स्टाफ पर अवैध कनेक्शन की जिम्मेदारी डालने और बिलिंग की गई राशि की वसूली भी कनिष्ठ अभियंताओं से करने जैसे मनमानेपूर्ण आदेश के खिलाफ मप्र पत्रोपाधि अभियंता संघ के बैनर तले पिछले 11 फरवरी से शहर के सभी 25 जिले के वृत्त कार्यालयों में धरना प्रदर्शन, ज्ञापन का सिलसिला चल रहा था। पूर्व क्षेत्र कंपनी के सभी जिलों में चल रहे इस प्रदर्शन की श्रृंखला की कड़ी ने गुरुवार को विद्युत मुख्यालय शक्तिभवन में कनिष्ठ अभियंताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के प्रबंध संचालन के नाम एक ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक श्रीमति नीता राठौर, मुख्य अभियंता वाणिज्य अशोक ध्रुवे, मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र केएल वर्मा, अधीक्षण अभियंता शहर संजय अरोरा, अधीक्षण अभियंता संचालन, संधारण वृत्त नीरज कुचिया को सौंपा गया। इसके साथ ही इन स्थानों पर अभियंता संघ के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन के नेतृत्व में जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। मप्र पत्रोपाधि अभियंता संघ के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन ने कहा कि अब मनमाने आदेशों से किसी भी प्रकार के प्रताड़ना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सतर्कता संकाय द्वारा अस्थाई, अवैधानिक, कृषि पंप, तीन किलो वाट से अधिक भार के कनेक्शन पाए जाने पर संबंधितों से वसूली राशि निर्धारण के निर्देश दिए गए। संघ ने इस आदेश पर विरोध दर्ज कराया है क्योंकि बिना जांच किए किसी भी संबंधित से वसूली करना, प्राकृतिक न्याय की दृष्टि से अनुचित है। सतर्कता संकाय द्वारा भौतिक परीक्षण किए बिना आधी अधूरी जानकारी के आधार पर, कही की भी फोटो लेकर औचित्यहीन पंचनामा बनाकर गलत तरीके से, अंतिम निर्धारण आदेश तैयार किए जा रहे है। जबकि उसमें से कई उपभोक्ताओं के स्थाई एवं अस्थाई कनेक्शन विद्यमान हैं। श्री जैन ने आरोप लगाया कि प्रबंधन द्वारा जूनियर इंजीनियरों को प्रताड़ित कियाजा रहा हैं। 15 जूनियर इंजीनियरों की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए गए हैं वहीं सुरक्षा संसाधनों के अभाव में लाईन स्टाफ की जान खतरे में हैं। इन्ही सब बातों को लेकर रामपुर स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय और शहर अधीक्षण अभियंता कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे गए।



### इंक्रीमेंट रोकने का आरोप

पत्रोपाधी अभियंता संघ इंजीनियर अशोक जैन का कहना है कि मनमाने आदेश किए जा रहे है। वेतन वृद्धि रोककर और अभद्र व्यवहार से कनिष्ठ अभियंताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है जिससे कनिष्ठ अभियंताओं में रोष व्याप्त है। आज के धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन के बाद समुचित हल नहीं निकला तो आगे उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

श्री जैन का कहना है कि न केवल इंक्रीमेंट रोके गए हैं, बल्कि सुरक्षा संसाधनों की खरीदी भी नहीं की गई है। इसके चलते लाइन स्टाफ की सुरक्षा पर भी गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। यह स्थिति कर्मचारियों के लिए असहनीय हो चुकी है और अब वे प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हैं।




## जनेकृविवि के 1973 बैच के छात्रों का मिलन समारोह

**हरिभूमि, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डा. प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय शिक्षण अनुसंधान एवं विस्तार में नित नये आयाम अर्जित कर रहा है। इसी श्रंखला में कृषि विश्वविद्यालय के सन 1973 बैच के पूर्व छात्र एल्युमिनाई का मिलन समारोह गत दिवस जनेकृविवि जबलपुर में संपन्न हुआ। लगभग 30 सदस्यों का एल्युमिनाई दल सपरिवार इस कार्यक्रम में सहभागी रहा। साथ ही विश्वविद्यालय में बिताएं हुये छात्र जीवन के अपने संस्मरणों को एक दूसरे से साझा किये। इसके बाद सभी सदस्यों ने साथ में बीएसपी यूनिट, उद्यानिकी प्रक्षेत्र, औषधि उद्यान, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय सहित विश्वविद्यालय की कई इकाईयों का भ्रमण किया। तत्पश्चात सम्पूर्ण दल पेंच टाईगर के लिये रवाना हुआ।

## खबर संक्षेप

### मासिक पत्रिका गीत पराग का नवीनतम अंक विमोचित




जबलपुर। "आज साहित्यिक पत्रिकाओं के नियमित प्रकाशन में आर्थिक समस्याओं के कारण निरंतर बाधाएं उत्पन्न होती जा रही हैं, यह वर्तमान में अत्यंत चिंताजनक है।" यह बात ग्वालियर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार माताप्रसाद शुक्ल ने जबलपुर में राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका गीत पराग के नवीनतम अंक का विमोचन करते हुए व्यक्त किए। विशेष अतिथि के रूप में गीत पराग के सलाहकार संपादक यशोवर्धन पाठक ने कहा कि वैसे तो जबलपुर से अनेक साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन होता रहा है, लेकिन वर्तमान में गीत पराग राष्ट्रीय स्तर पर जबलपुर का प्रतिनिधित्व कर रही है। अतिथियों का स्वागत करते हुए गीत पराग की प्रधान संपादक डॉ. गीता गीत ने पत्रिका की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर साहित्यकार निर्मल पाली, रमाशंकर गौतम, अनिमेष दास, सनी शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कपंनी और मेसर्स बिजली कपंनी के बीच एग्रीमेंट

जबलपुर। उपभोक्ता सेवा सुधार व सशक्तिकरण के उद्देश्य से, मध्य प्रदेश



पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (पूर्व क्षेत्र डिस्कॉम) ने मेसर्स बिजली कपंनी, बंगलोर के साथ एक महत्वपूर्ण एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल विद्युत मंत्रालय और आरईसी लिमिटेड (REC) के मार्गदर्शन में की गई है, जिसका उद्देश्य स्मार्ट मीटर डेटा का अधिकतम लाभ उठाकर उपभोक्ताओं की भागीदारी बढ़ाना और डिस्कॉम की परिचालन दक्षता में सुधार करना है।

### पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार, समारोह आयोजित

# सोशल मीडिया से फैल रहे भटकाव को रोक सकता है प्रिंट मीडिया



जबलपुर। पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार, श्रीमती माया शुक्ला स्मृति महिला पत्रकारिता पुरस्कार व श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार समारोह अरुणोदय 2025 का आयोजन प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पं. अरुण शुक्ला के जन्मदिन एवं निर्वाण तिथि 20 फरवरी को अपराह्न 3.30 बजे अरुणोदय कार्यालय परिसर शताब्दिपुरम उखरी में गरिमामय माहौल में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह अरुणोदय 2023 में नगर के चुनिंदा पत्रकारों व श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आशीष दुबे सांसद जबलपुर थे, जबकि अध्यक्षता जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कुशवाह पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर, दीपक सक्सेना कलेक्टर, एसपी लोकायुक्त संजय साहू, पीके मिश्रा कुलगुरू जेएनकेविवि, रादुविवि कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा, लोकेश लिलहारे कमिश्नर जीएसटी सेंट्रल एक्साइज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा मौजूद रहे।

#### डायरेक्टरी अरुणोदय 2025 का विमोचन

अतिथियों ने समारोह के समापन पर टेलीफोन डायरेक्टरी अरुणोदय 2025 का विमोचन किया। इस मौके पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा भेंट किया गया।

#### ये हुए सम्मानित व पुरस्कृत

श्री अरुण शुक्ल स्मृति वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान से डॉ. विनोद पुरोहित, अबीशंकर नगाईच, अनूप जैन, अभिषेक तिवारी, हर्षित चौरसिया, अंकित उपाध्याय, इलेक्ट्रानिक मीडिया से कुमार इंदर को दिया गया, जबकि श्रीमती माया देवी श्रेष्ठ महिला पत्रकारिता पुरस्कार शिवांजलि वर्मा को प्रदान किया गया। श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति में सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती माया कश्यप और रंजना खरे को शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। अतिथियों का स्वागत आशीष शुक्ला, अखिलेश शुक्ल, पर्व जायसवाल, राजुल करसोलिया, अवधेश कटारे, अभिषेक शुक्ला, अजेय शुक्ला, अर्पित शुक्ला, अंकित शुक्ला, अस्तित्व शुक्ला एवं रवि चौबे ने किया। राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा ने भी अपने वर्चुअल उदबोधन में कहा कि यह आयोजन अब समाज के हर वर्ग का आयोजन है। आशीष शुक्ला ने स्वागत भाषण में कहा कि आज पत्रकार सही दिशा में सही खबर पहुंचा रहा। 1996 में बहुत कम लोगों को लेकर यह पुरस्कार सम्मान समारोह शुरू किया था। आज कार्यक्रम 30वां वर्ष हुआ। मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे ने कहा कि आज हमें सम्मान करने का सौभाग्य मिला। पुराने दौर में अभाव में पत्रकारिता होती थी, ऐसे दौर में खबर निकालना और उसे अखबार में प्रकाशित कर लोगों के सामने ले जाना बड़ी बात थी। महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि बन के एक हादसा बाजार में आ जाएगा जो हुआ नहीं है वह अखबार में आ जाएगा... ऐसा होता है। हम लोग ग्राहक बन गए हैं हमें दोबारा से पाठक बना लीजिए। विज्ञप्ति वीरता खत्म करिए। हर माह यदि शहर के चुनिंदा लोगों की बैठक होगी तो सोशल मीडिया में हो रहे भटकाओं के दौर को रोका जा सकता है एवं संस्कारधानी के समग्र विकास को किया जा सकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकार को हमेशा मध्यम मार्गी बनकर अपने कार्य को अंजाम देना चाहिए और यह रास्ता अपनाकर ही समाचार लिखना चाहिए। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर पीके मिश्रा ने कहा पत्रकारिता में भी बहुत परिवर्तन और चुनौतियां आईं हैं। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश वर्मा ने कहा कि अपनी फील्ड के विशेषज्ञ को सम्मानित करना सराहनीय है।

#### आज की पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण : कलेक्टर दीपक सक्सेना

वास्तव में पत्रकारिता जो लोग करते हैं वो संभवतः पैसे के लिए तो नहीं करते। वो तो उस काम के लिए करते हैं जो आज यहां हो रहा है। वे समर्पण के लिए करते हैं, प्रतिष्ठा के लिए करते हैं। जो सम्मान के रूप में उनको यहां मिल रहा है। आज की तारीख में सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य पत्रकारिता है। यह उतना आसान काम नहीं है।आईजी अनिल सिंह कुशवाहा ने कहा हम चौथे स्तंभ को अपना आइना भी मानते हैं। पत्रकार कोई जानकारी पूछें तो उनको अवश्य बताओ, ताकि वह भटककर कुछ और ना लिख दें, अभी तो टीआरपी का दौर चल रहा है, इस दौर में आधी अधूरी खबरें प्रकाशित होती हैं। सोशल पीडिया आज आपको हीरो, कल जीरो बना सकती है। पत्रकार किसी की छवि खराब करने से बचें।

#### ये रही चयन समिति

पुरस्कृत पत्रकारों का चयन शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने किय। इस चयन समिति में रविन्द्र वाजपेयी, डॉ. पंकज शुक्ला, राजेंद्र गहरवार, उज्जवल शुक्ला सच्चिदानंद शेकटकर, पवन पांडे, प्रवीण अग्रहरि शामिल रहे।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मीडिया जगत के विशिष्टजनों के साथ ही बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनीतिक, सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। इनमें सतेन्द्र जैन जुग्गू, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व महापौर प्रभात साहू, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटैल, सतीश उपाध्याय, डॉ. पुष्पराज पटैल, डॉ. मयंक चंसौरिया, डॉ. सुबोध दरबारी, राजीव बड़ेरिया, मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पराज बघेल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सचिन कुचिया, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग के कर्मचारी संघ के संयोजक पंडित योगेन्द्र दुबे, ब्राह्मण मंच के रत्नेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, जबलपुर चेम्बर के हिमांशू खरे, युवा मोर्चा के ओम दुबे, उद्योगपति अजीत समदडिया, समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद विमल राय, भाजपा नेता मनीष अग्रहरि, ताहिर अली, मनोज नामदेव, रंजीत ठाकुर, अयोध्या तिवारी, संतोष दुबे पंडा, नितिन भाटिया आदि मौजूद रहे। आशीष शुक्ला ने आभार प्रदर्शन किया। आयोजन समिति में शरद जैन पूर्वमंत्री, अवधेश कटारे, उदयभान सिंह, सौरभ शुक्ला, अर्पित शुक्ला, अंकित शुक्ला, रुझान, प्रखर, मोनिका, साक्षी, अस्तित्व, अर्थ, सांझ, यशिका ईशानी शामिल रहे।




# फाइनेंशियल एवं साइबर क्राइम फ्राड अवेयरनेस पर हुआ सेमिनार

जबलपुर। माँ भारती संस्था के तत्वावधान में फाइनेंशियल एवं साइबर फ्रॉड पर कार्यशाला का आयोजन पीएसएम कॉलेज में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेंडे, एडिशनल एसपी सोनाली दुबे और राहुल अग्रवाल के द्वारा बहुत ही सरल भाषा में विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही उनसे होने वाले नुकसान और मुख्य तौर पर डिजिटल अरेस्ट के बारे में अवगत कराया गया। माँ भारती संस्था अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि साइबर क्राइम फ्राड की समस्या हमारी रोजमर्रा की जिंदगी से संबंधित है अतः हर एक व्यक्ति के लिए सुरक्षा और ज्ञान की दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है। साइबर फ्राड पर हम लोग निरंतर ही इस तरह के आयोजन कर आमजन को जागरूक करते रहेंगे। कार्यक्रम में सुषमा बजाज, उलका साहू, बलदीप मैनी, नरेश डुडेजा, अनिल जैन, सुनंदा पंचभाई, मनोज जैन, दनेश जैन, आशुतोष पेंडवाल, नीतू खरे, पंकज महेश्वरी, शुभ्रा जैन, पुष्पा केसरी, सरिता जैन, भगवती ठाकुर, माधवी साहू, नंदनी पटेल, उर्मिला साहू, सुभाष अग्रवाल, वायलेट एंथोनी, अनु दुबे, कृष्णा साहू, आरती साहू, कंचन साहू, एकता साहू, बरखा गुप्ता, मीना श्रीवास्तव, शबनम खान, नेहा साहू, रचना जैन, ममता साहू, सीमा राजपूत, प्रभात जैन, अशोक साहू, रानी श्रीवास्तव, सुनीता, संगीता श्रीवास्तव, अंजू गोपलानी, मंजू वर्मा, मीना श्रीवास्तव, ममता राजकुमार, नंदनी जैन, नीतू पटेल, राजेन्द्र तिवारी आदि की सहभागिता रही।

# बिजली कंपनी ने 8 अधिकारियों को उच्च वेतनमान

जबलपुर। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने आदेश में 8 अधिकारियों को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान की सौगात दी। कंपनी द्वारा जारी आदेश में कार्यपालन अभियंता / उप महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान (सातवां वेतनमान लेबल-ओ-04) का लाभ दिया गया, लाभ पाने वाले अधिकारियों में रमेश चंद्र साहू, हरीश कुमार भोला, बृजेश कुमार शुक्ला, पंच राज तिवारी, चंद्रमणि सिंह यादव, दीपक चंदेला, रत्नेश्वर प्रसाद सोनी एवं राजेश कुमार श्रीवास्तव शामिल है।

# 27वीं ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी कार्यशाला प्रारंभ

जबलपुर। 27वीं ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी कार्यशाला का शुभारंभ हितकारिणी डेंटल कॉलेज के प्रेक्षागृह में डॉ. प्रो. जेएन खन्ना, डॉ. गिरीश राव, डॉ. राजेश धीरावाणी, अमेरिका से पधारे डॉ. जीई घाली द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आज कार्यशाला के प्रथम दिन पांच अलग-अलग साइंटिफिक सत्र में ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल कार्यशाला में होने वाली महत्वपूर्ण एवं जटिल सर्जरी के बारे में चर्चा की गई एवं अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया गया, जिससे भावी युवा सर्जन्स को अपनी विधा निखारने का मौका मिले। इस




अवसर पर डॉ. राजेश धीरावाणी ने बताया कि साइंटिफिक सेशन में देश के विभिन्न शहरों एवं अमेरिका से पधारे ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जन्स ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, इसमें डॉ. सुदर्शन भट्ट, डॉ. एन श्रीवली, डॉ. लक्ष्मी शेट्टी, डॉ. सूरज आहूजा, डॉ. ब्रिगेडियर एसके रॉय चौधरी (आर्मड फोर्सेस मेडीकल कॉलेज पुणे), डॉ. सिमरन बरार, डॉ. विमल कालिया, डॉ. गीता कालिया, डॉ. नितिन भोला, डॉ. राधिका रामास्वामी, डॉ. सारिका कपीला, डॉ. जीई घाली, डॉ. गुंजन दुबे द्वारा शोध पत्र पढ़ा गया। डॉ. गिरीश रॉव द्वारा विशेष शोध पत्र शाम को प्रस्तुत किया गया। डॉ. राजेश धीरावाणी ने बताया कि ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी कार्यशाला में इस वर्ष 25 मरीजों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है।

### आर्मी पब्लिक स्कूल 1, ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल

# 'रिदम ऑफ नेशंस' थीम पर हुआ वार्षिक दिवस समारोह



जबलपुर। आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर-1, ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर में वार्षिक दिवस - 2025समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत, जनरल अफसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत ब्रिगेडियर ललित शर्मा, कमांडेंट ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर, चेयरमैन आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर-1 तथा प्रिंसिपल और वरिष्ठ शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम में अनेक सैन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे। समारोह में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति की गई, जिसमें समूह गीत और विश्व के विभिन्न देशों के सुप्रसिद्ध नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। इसके माध्यम से 'वन वर्ल्ड, वन बीट' का संदेश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण हुआ। मुख्य अतिथि ने शिक्षा एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# आरपीएफ के जवान ने जीता गोल्ड मैडल




जबलपुर।

मध्यप्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स के सचिव जीवनलाल रजक ने बताया कि आरपीएफ के जवान वीरेन्द्र कुमावत ने राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप अलवर (राजस्थान) में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर जबलपुर का नाम रोशन किया। आरपीएफ जबलपुर में आरक्षक के पद पर कार्यरत वीरेन्द्र कुमावत ने पांच किलोमीटर पैदल चाल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतकर अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। साथ ही 200 एवं 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर जबलपुर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स के सचिव धनराज पिल्ले, अध्यक्ष मोदित रजक, उपाध्यक्ष मदन ठाकरे, मोदित एथलेटिक्स ग्रुप के सभी खिलाड़ी एवं रेलवे सुरक्षा बल के उच्चाधिकारियों ने वीरेन्द्र कुमावत को बधाई देकर इस क्षेत्र में उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित की है।

### ब्राह्मण बालकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

# श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ में बह रही भक्ति की गंगा



सिहोरा। नृसिंह टेकरी खितौला में ब्रम्हलीन संत स्वामी द्वारिका दास जी महाराज की कृपा एंव मंदिर के महंत गोविंद दास जी महाराज के सानिध्य में 26 फरवरी तक आयोजित 100 वें श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ में भक्ति की गंगा बह रही है। तथा सिहोरा खितौला के अलावा अनेक ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु जन प्रतिदिन यज्ञ भगवान की परिक्रमा लगाने के साथ 18 पुराणों का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

महायज्ञ में नित्य मंत्रोच्चार के बीच दी जा रही आहूति हवन से भी सारा वातावरण धर्ममय बन गया है।गुरुवार को नगर उपनगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया गया। भक्तों की आस्था के केन्द्र नृसिंह टेकरी मंदिर का यह शताब्दी वर्ष है। इसलिए महायज्ञ को लेकर भक्तों में भी एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है हर कोई इसमें शामिल होकर भक्ति की गंगा में डूबकी लगाने आतुर नजर आ रहा है। 25 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

### एसएस कॉलेज में पूजा थाली कलश सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

# पूजा में प्रियंका राय तो कलश में अंकिता रजक प्रथम





सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा में स्नेह सम्मेलन 2024-25 के लिए पूजा थाली एवं कलश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रचार्य डॉ.मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. नीता तिवारी के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। पूजा थाली सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका राय, द्वितीय स्थान मुस्कान कुर्मी,तृतीय स्थान अंकिता साहू ने प्राप्त किया। कलश सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता रजक ,द्वितीय स्थान मुस्कान चौधरी एवं तृतीय स्थान रीतू पटेल ने अर्जित किया। प्रतियोगिता मे निर्णनायक मण्डल की टीम मे डॉ राजेश वाहने,डॉ अंजलि मांडवे,पवन कुमार नामदेव की भूमिका रही। कार्यक्रम के आयोजन में संयोजक डॉ गीता पांडे एवं डॉ संगीता सिन्हा का विशेष योगदान रहा साथ ही डॉ सुन्नु आर.के मैथ्यु ,डॉ जे पी स्वयं,डॉ डी.के बघेल,डॉ सी.एल वर्मा,डॉ अंजू कथेल,डॉ पूजा चौकसे,दीपिका कुशवाहा ,सुप्रिता सेंगर कि गरिमामयी उपस्थति रही।




**श्रीमती सुशीला मालवीय-** दीक्षितपुरा सिमरिया वाली रानी की कोठी के पास निवासी श्री राम कुमार मालवीय की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला मालवीय (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरण शुक्ला-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री दिनेश कुमार शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती किरण शुक्ला (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमेश कुमार वाल्मीक-** शंकरशाह नगर छापर रामपुर निवासी श्री रमेश कुमार वाल्मीक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रसाद नामदेव-** चांदमारी ओमकला मंदिर रोड निवासी श्री नारायण प्रसाद नामदेव (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीपक कुशवाहा-** गौर एकता मार्केट के पास निवासी श्री दीपक कुशवाहा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा रानी रजक-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री राजाराम रजक की धर्मपत्नी श्रीमती आशा रानी रजक (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम जियावन शुक्ला-** रीवा कॉलोनी शिवनगर निवासी श्री राम जियावन शुक्ला (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास-** कांचघर निवासी श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया बाई दुबे-** वाजपेयी कॉलोनी दीक्षितपुरा निवासी श्री जनार्दन दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई दुबे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूर्यबली सिंह-** सीओडी कॉलोनी आनंद नगर निवासी श्री सूर्यबली सिंह (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उषा तिवारी-** मदनमहल निवासी श्री राकेश तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती उषा तिवारी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया लाल पासी-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री कन्हैया लाल पासी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक कुमार वासु-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर निवासी श्री दीपक कुमार वासु (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई-** शास्त्री ब्रिज नरसिंह मंदिर के पास निवासी श्री सुंदर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शैलेंद्र कुमार सिसोदिया-** कचनार सिटी विजयनगर निवासी शैलेंद्र कुमार सिसोदिया (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विशाल सिंह-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री दिनेश कुमार सिंह के पुत्र श्री विशाल सिंह (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रभात चंद्र श्रीवास्तव-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री प्रभात चंद्र श्रीवास्तव (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभय सिंह ठाकुर-** साईंस कॉलेज कॉलोनी निवासी श्री भीकम सिंह ठाकुर के पुत्र श्री अभय सिंह ठाकुर (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

### शासकीय कन्या शाला के प्राचार्य ने सौंपी चाबी

# पूर्णिमा मिश्रा को 12वीं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर मिली स्कूटी



सिहोरा। मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना अन्तर्गत प्रदेश सरकार 12वीं में प्रथम श्रेणी से पास होने वाली छात्राओं को मुफ्त स्कूटी दे रही है इसी तारतम्य में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा की छात्रा पूर्णिमा मिश्रा पिता एड रमेश मिश्रा कक्षा 12 वी सत्र 2023-24 में विद्यालय में प्रथम स्थान 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया। तथा स्कूल शिक्षा विभाग की स्कूटी योजनान्तर्गत लाभान्वित हुई है। पूर्णिमा मिश्रा को स्कूटी की चाबी देते हुए प्राचार्य बी पी परस्ते ने कहा कि सरकार का उद्देश्य बालिकाओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इस सफलता पर पूरा विद्यालय परिवार एवं माता पिता गौरान्वित है। इस अवसर पर शिक्षक विनोद पटेल, अशोक तिवारी, राजेश नेमा, संदीप त्रिपाठी, बी.एल महोबिया,सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं धर्मेन्द्र भाई पटेल पिता श्री मानिक भाई पटेल निवासी म.नं. 903 गोल बाजार पोस्ट आफिस बलदेवबाग जबलपुर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा नाम धर्मेन्द्र भाई पटेल है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम धर्मेन्द्र पटेल दर्ज है धर्मेन्द्र भाई पटेल एवं धर्मेन्द्र पटेल दोनों ही नाम मुझ शपथकर्ता अर्थात एक ही व्यक्ति के हैं। उपरोक्त जानकारी बावत् यह शपथपत्र पेश है।

शपथकर्ता

**नाम सुधार सूचना**

मै, लक्ष्मण सिंह लोधी पिता श्री मुलाम सिंह लोधी, जन्म तिथि 05/11/1979, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम परसवाड़ा तहसील गोटेगांव थाना थेमी, पोस्ट राखीभैसा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश, वर्तमान पताः एफ-123, वत्सला पैराडाईस, शिवनगर, जबलपुर जिला जबलपुर मध्य प्रदेश, एतद् द्वारा यह घोषित एवं सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरा मूल (पूर्व) नाम लक्ष्मण सिंह लोधी जो मेरे समस्त शैक्षणिक एवं शासकीय दस्तावेजो में दर्ज है, किन्तु मुझे लक्ष्मण सिंह लोधी के अतिरिक्त सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से भी जाना एवं पहचाना जाता है इसलिए मैने अपने मूल (पूर्व) नाम में संशोधन/परिवर्तन कर लिया है। और अब से मैं समस्त शैक्षणिक, शासकीय अभिलेखों तथा समस्त प्रयोजनों एवं संव्यहारों में चाहे शासकीय हो या प्राइवेट हो लक्ष्मण सिंह लोधी उर्फ सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से जाना एवं पहचाना जाउगां । अतः समस्त व्यक्तियों एवं संस्थाओं को अभिव्यक्त रूप से प्राधिकृत एवं उनसे अनुरोध करता हूं कि मुझे अब से लक्ष्मण सिंह लोधी उर्फ सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से ही नामोविष्ट एवं सम्बोधित किया जावे।

पूर्व नाम -लक्ष्मण सिंह लोधी
वर्तमान नाम
लक्ष्मण सिंह लोधी उर्फ सत्येन्द्र सिंह लोधी

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS RAVI KUMAR PANDEY I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, AND SHALL BE KNOWN AS RAVI PANDEY S/O RAM SAJIVAN PANDEY RESIDENT OF H.NO. 1254, HOME SCIENCE COLLEGE ROAD, BEHIND MAAN KUWAR COLLEGE, NAPIER TOWN, JABALPUR (M. P.) 482002

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS LAKSHYA CHOUBEY I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I,SHALL BE KNOWN AS LAKSHAYA CHAUBEY S/O PRAVN CHAUBEY RESIDENT OF H.NO. 2448, TELECOM FACTORY GATE NUMBER 4, OPP. WRIGHT TOWN, POST OFFICE, JABALPUR (M. P.) 482002

**खबर संक्षेप**

## मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों की हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में आज फरवरी को सिंगल क्लिक के माध्यम से लैपटॉप की राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। लैपटॉप विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा और केरियर के अन्य लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## लापता ड्राइवर का पेड़ पर लटका मिला शव

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जामपाली डंपिंग एरिया के बगल में स्थित प्लांटेशन में गुरूवार की सुबह एक युवक की फांसी पर लटकती लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतक युवक की शिनाख्त पत्थलगांव निवासी कुलदीप एक्का पिता भुनेश्वर एक्का 28 साल के रूप में हुई। बताया जा है कि युवक ड्राइवर का काम करता था, जो कि 14 दिसंबर को जामपाली कोयला लोड करने आया था। उसके बाद से वापस घर नहीं लौटा था। इसी बीच आज सुबह डंपिंग एरिया साइड गए थे।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत

**रायपुर।** राजधानी में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, उनकी तेज रफ्तार कार खम्भे से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। पूरा मामला विधानसभा क्षेत्र का है। तेज रफ्तार कार खंभे से टकराने से दुर्घटना हुई है। इस घटना से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। दोनों मृतकों की शिनाख्त भी हुई है। दोनों युवक फोटोग्राफर थे। शंकर नगर में किराये के मकान में रहते थे। युवकों की पहचान संदीप राय, पश्चिम बंगाल के निवासी और दीपक साहू, कोरबा निवासी के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार दुर्घटना का मुख्य कारण ओवरस्पीडिंग बताया जा रहा है।

## नवाचारों को मिलेगी नई ऊंचाई

**रायपुर।** नवाचारों की शक्ति को पहचानना और उन्हें सही मंच पर लाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नवाचार और तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने वाली अग्रणी संस्था मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन 6 मार्च को मुंबई में 'इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025' के 10वें संस्करण का आयोजन करने जा रही है। मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष मारीवाला ने कहा, भारत में नवाचार की गति तेज हो रही है, और इस मंच के माध्यम से हम उन उद्यमियों का सम्मान कर रहे हैं जो समाज में बदलाव ला रहे हैं । मानद अध्यक्ष अमित चंद्रा ने कहा, यह मंच नवप्रवर्तकों को पहचान दिलाने के साथ-साथ नवाचार के प्रभाव और संभावनाओं को दिखाता है।

## अब अतिथियों शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक

**भोपाल।** दसवीं-बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा सहित अन्य कक्षाओं की मुख्य परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने अतिथि शिक्षकों को लेकर अहम फैसला लिया है। विभाग ने अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक बढ़ा दी हैं। यह शिक्षक अब स्कूलों में शिक्षकों के खाली पड़े स्थानों पर सेवाएं देंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि शासकीय विद्यालयों मे शैक्षणिक व्यवस्था के लिए रिक्त पदों के विरूद्ध सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित करने के निर्देश पत्रों में दिए गए थे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध आमंत्रित अतिथि शिक्षकों की सेवाएं विद्यालय मे रिक्त पद होने की स्थिति में 30 अप्रैल तक ली जा सकेगी।

---

### मप्र दुग्ध संघ और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य होगा करार

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, दुग्ध उत्पादकों की आमदनी दोगुनी करने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने होगा अनुबंध

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में 25 फरवरी को एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) का निष्पादन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि होगी।

डॉ. यादव ने कहा कि यह अनुबंध प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मंत्रि-परिषद द्वारा इस सहकारिता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दी जा चुकी है। इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह 25 फरवरी के कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद



### सांची ब्रांड का नाम नहीं बदलेगा, होगा और मजबूत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के सांची ब्रांड को और मजबूत किया जाएगा। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जाएगा। ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दुग्ध संघ के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रबंधन शुल्क और नवीन प्रसंस्करण एवं अधोसंरचनाओं के विकास के लिए भी कोई परामर्श शुल्क नहीं लिया जाएगा। तकनीकी एवं प्रबंधन विशेषज्ञों को अपने पैरोल पर दुग्ध संघ में पदस्थ किया जाएगा तथा कार्यरत अमले का हित संरक्षण भी किया जाएगा। दुग्ध सहकारी समितियां से संबद्ध डेयरी किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रणाली भी विकसित की जाएगी।

### दुग्ध उत्पादकों की आय में होगी अप्रत्याशित वृद्धि

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि अनुबंध के तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत ढाई हजार करोड़ रुपए के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा।*

### दुग्ध समितियों के माध्यम से कवर होंगे 18 हजार ग्राम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। इन दुग्ध समितियों के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किलो प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किलो प्रतिदिन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीडीबी द्वारा दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा तथा दूध की खरीद को 1.3 लाख किलो से बढ़कर 3.7 लाख किलो प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रुपए से दोगुना कर 3500 करोड़ रुपए किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

---

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित अद्यतन तकनीकों के उपयोग पर बैठक

# ऐसा प्रबंधन करें कि श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय रहे सिंहस्थ-2028: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभूति बनाने के उद्देश्य से आवागमन, पार्किंग, स्नान, भीड़ प्रबंधन, आवास, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा, अपशिष्ट प्रबंधन सहित सभी पहलुओं के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

व्यवस्थाओं के संचालन में सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित सभी अद्यतन तकनीकों का उपयोग किया जाए। डॉ. यादव बुधवार को सिंहस्थ-2028 के प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित अद्यतन तकनीकों के उपयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।



भीड़ प्रबंधन, आवास, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा पर विशेष ध्यान

### श्रद्धालुओं के आवागमन संबंधी प्रस्ताव रखा

*बैठक में आईआईटी एल्यूमिनाए कॉउंसिल के सतीश मेहता द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से संचालित सोलर गोल्फ कार्ट, इलेक्ट्रिक मिनी बसों और 9 मीटर लंबी बसों से श्रद्धालुओं के आवागमन संबंधी प्रस्ताव रखा गया। उनके प्रस्ताव अनुसार देवास, इंदौर और ओंकारेश्वर से उज्जैन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शहरी क्षेत्र में प्रायोगिक रूप से इस व्यवस्था के संचालन के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।*

### मध्यप्रदेश के सिंचाई रकबे को एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे को वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य है। अतः सभी परियोजनाओं में निर्माण गतिविधियों का संचालन समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। यादव ने कहा कि सिंहस्थ - 2028 में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ओंकारेश्वर दर्शन के लिए भी जाएगी। अतः ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की

बैठक में बड़ादेव संयुक्त माईक्रो सिंचाई परियोजना अंतर्गत टेरिया नाला बांध, सानेर बांध और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य, सोण्डवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, बहोरीबंद उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, ढीमरखेड़ा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण, महेश्वर-जानापाव उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

#### परियोजना पर चर्चा

बैठक में ओंकारेश्वर और नावघाट-खेड़ी जिला खण्डवा में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण और इंदिरा सागर ओंकारेश्वर पम्प स्टोरेज परियोजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

---

### प्रदेश की विकासात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा



## मुख्यमंत्री निवास पहुंचे हरियाणा के राज्यपाल, सीएम ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह के रूप में राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर उनका अभिवादन किया।

राज्यपाल दत्तात्रेय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल दत्तात्रेय को प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों और जनकल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित इन्वेस्टर समिट और 24 एवं 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में भी अवगत कराया।

### राज्यपाल पटेल से दत्तात्रेय ने की सौजन्य भेंट



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल पटेल ने शॉल, श्रीफल भेंट कर राज्यपाल दत्तात्रेय का स्वागत किया। पटेल का दत्तात्रेय ने अंग वस्त्र पहनाकर अभिवादन किया। दोनों राज्यों के राज्यपालों द्वारा स्मृति प्रतीकों का पारस्परिक आदान-प्रदान किया गया। चर्चा के दौरान विकास के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

---

### बाइक और लोहे के एंगल सहित अन्य सामान बरामद

# साथी सहित शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मानिकपुर चौकी अंतर्गत शारदा विहार आवासीय क्षेत्र के मुड़ादाई मंदिर के पास चोरी के एक मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दोपहिया वाहन और लोहे का सामान बरामद किया है। इनमें से एक शातिर बदमाश बताया गया है।

मानिकपुर चौकी पुलिस के हत्थे चढ़े विशाल साहू और अमर नायडू दोनों सीतामणी निवासी है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल और भारी मात्रा में लोहे की राड बरामद की है। कोरबा की मानिकपुर पुलिस ने हाल में ही हुई चोरी की एक घटना को लेकर इन दोनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि निर्माणाधीन मकान मुड़ा दाई मंदिर के पास बनाया जा रहा है। उनके द्वारा लोहे की रॉड और अन्य सामान की चोरी की गई थी। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद जांच की कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर विशाल केवट और अमन नायडू दोनों को पुलिस ने पकड़ा। जहां उनसे पूछताछ शुरू की गई। पहले तो चोरी करने से इनकार किया लेकिन जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो इस दौरान उनके कब्जे से एक बाइक बरामद हुई। पुलिस को संदेह हुआ और उसने और पूछताछ की तो भारी मात्रा में लोहे के एंगल बरामद हुए।



### आरोपी पर चले रहे पुराने कई मामले

*बताया जा रहा है कि 22 वर्षीय विशाल केवट सीतामढ़ी निवासी है और शातिर अपराधी हैं। कुछ माह पहले ही रेलवे फाटक सीतामढ़ी के पास ट्रक चालकों से लूटपाट और मारपीट की घटना हुई थी। उसमें विशाल केवट आरोपी था। जहां कार्रवाई के बाद पुलिस ने जेल दाखिल किया था। कुछ दिनों पहले ही जेल से छूटकर आया हुआ है। उसके बाद अपने एक अन्य साथी के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया। मानिकपुर चौकी आने में पदस्थ एएसआई अमर जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी साथी हैं। उनसे और भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक पहले भी चोरी और लूट के मामले में जेल जा चुका है। मानिकपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।*

---

### 23 को पीएम मोदी करेंगे कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन

# बागेश्वर धाम में आज से 7 दिन का महाकुंभ राष्ट्रपति मुर्मू देंगी 251 जोड़ों को आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

छतरपुर के बागेश्वर धाम में 21 से 27 फरवरी तक छठवां बुंदेलखंड महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। सभी बसों को पहाड़िया मैदान स्थित पार्किंग क्रमांक 4 में खड़ा किया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत फोरलेन किनारे ग्राम गढ़ा तिगैला के पास पार्किंग क्रमांक 7 और ग्राम गंज के पास पार्किंग क्रमांक 8 का उपयोग किया जाएगा।



23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 100 बेड के कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन करेंगे। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 251 जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचेंगी।

---

### कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे, निरीक्षण कर निर्देश दिए

वीडी ने पीएम मोदी के भोपाल आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा, मप्र के लिए कई सौगातें लेकर आ रहे हैं प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन को लेकर निरीक्षण कर निर्देश दिए। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के दौरे पर पधार रहे हैं। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को बुंदेलखंड की धरती पर धर्म एवं आध्यात्मिक केंद्र बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश के साथ दुनिया के कई देशों के उद्योगपति व निवेशक शामिल हो रहे हैं। लाखों करोड़ के निवेश होने की संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश के लिए अनेक सौगातें लेकर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को प्रगति के पथ पर निरंतर आगे ले जा रहे हैं।

### कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे पीएम मोदी



#### कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुंदेलखंड व भोपाल प्रवास के दौरान स्वागत करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। हम सबके लिए बड़े गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद व विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। मैं मप्र भाजपा के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर अभिनंदन करता हूं।*

### दिग्विजय सिंह हों या जीतू पटवारी, सभी डूबती नाव हो गए

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी और उमंग सिंघार जैसे कांग्रेस नेता मध्यप्रदेश को बदनाम कर रहे हैं। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बनाया था। दिग्विजय सिंह हों या जीतू पटवारी सभी डूबती नाव हो गए हैं। खुद को सुर्खियों में बनाए रखने के लिए कांग्रेस नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए निवेश से मध्यप्रदेश को स्वर्णिम और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का कार्य भाजपा की सरकार कर रही है। ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं का बयान जनता जनार्दन का अपमान है।

### धर्म व संस्कृति की आभा बिखेर रहे युवा संत, कांग्रेस साधु-संत विरोधी

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री देश और दुनिया में धर्म-संस्कृति की आभा बिखेर रहे हैं। एक युवा संत धर्म के प्रति समर्पण के साथ आध्यात्मिकता की आवाज बने हुए हैं। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को लेकर कांग्रेस नेता जिस तरह अमर्यादित भाषा का उपयोग कर रहे हैं, इस तरह की भाषा सभ्य समाज में कोई स्वीकार नहीं करता है। कांग्रेस नेता हमेशा से साधु-संतों का विरोध करते रहे हैं।*

---

### एक ही इलाके में तीन घरों में की वारदात

# शातिर चोरों ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में बीती रात चार से पांच चोरों ने एक ही रात में तीन घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में कितनी लूट हुई है। इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। वहीं आरोपियों की फोटो सीसीटीवी फुटेज में भी आ गई है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि लालबाग स्थित हाउसिंग बोर्ड में बीती रात कुछ चोरों ने तीन से चार घरों का ताला काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी सुबह परिजनों को लगी। जब वे घर पहुंचे। घर का सामान बिखरे होने के साथ ही घर से ज्वेलरी और नगदी गायब होने की बात सामने आई। घटना उसी ब्लॉक के चार घरों में हुई है, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद लाखों रुपये से अधिक की चोरी हुई है। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।



सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए आरोपी, पुलिस कर रही पहचान के प्रयास




# 'लीगली वीर' का ट्रेलर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म 'लीगली वीर' का हिंदी ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। वीर रेड्डी, प्रियंका रेवरी और थनुजा पुथुस्वामी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 7 मार्च को रिलीज़ होने वाली इस फिल्म का निर्देशन रवि गोगुला ने किया है। ट्रेलर में वीर (वीर रेड्डी) की कहानी दिखाई गई है, जो एक महत्वाकांक्षी युवक है और अपने पिता से रिश्ते सुधारने भारत वापस आता है। लेकिन, उसकी ज़िंदगी में तब भूचाल आ जाता है जब वो एक जूनियर वकील की हत्या की गुत्थी में फंस जाता है। ये घटना उसके उसूलों और कर्तव्य को चुनौती देती है।



लाइफ Style

# कीर्ति
## ये सब होते देख रही थी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कीर्ति कुल्हारी का कहना है कि उन्हें उस वक्त काफी बुरा लगा था जब पिंक फिल्म का सारा लाइमलाइट तापसी पन्नू को मिल गया था। कीर्ति ने बोला कि वह पीआर नहीं करती हैं, यह फिल्म अमिताभ बच्चन और तापसी की बन गई थी। कीर्ति ने बताया कि एक्टर्स में हायरैरिकी (जूनियर-सीनियर का क्रम) ने उनको काफी प्रभावित किया।

कीर्ति बोलीं, 'जब पिंक आई तो मेरे दिमाग में एक भी बार ये ख्याल नहीं था कि इंडस्ट्री में स्टेटस के हिसाब से कौन बड़ा है या कौन छोटा। मुझे लगा कि तीन लड़कियों की कहानी है। मैं मूवी को इसी तरह देखा। मैं ऐसी जगह से थी जहां मैं मानती थी कि 'हम सभी एक्टर्स हैं, हम सब साथ हैं'। लेकिन, पिंक से मुझे बड़ा स्टार और छोटा स्टार ट्रीटमेंट फील हो गया। आपके आसपास के लोग आपको ऐसा फील करवा देते हैं। कीर्ति ने कहा कि फिल्म तीन लड़कियों की कहानी थी लेकिन इसको ऐसे प्रमोट किया गया कि लगा कि तापसी को अमिताभ बच्चन के बाद स्टार ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। कीर्ति बोलीं, 'मैं ट्रेलर देखा तो यह तापसी और अमिताभ बच्चन से भरा पड़ा था। मेरे लिए यह पहला झटका था क्योंकि मुझे लग रहा था कि मैंने फिल्म की है। शूजित का कहना था, 'परेशान मत हो, फिल्म आने दो।' कीर्ति बोलीं, 'मैं कभी पीआर नहीं करती। मुझे लगता है कि मेरा काम ही दिखेगा। लेकिन प्रमोशंस के दौरान तापसी पन्नू के लिए पीआर मशीनरी लग गई क्योंकि हायरैरिकी में वह मिस्टर बच्चन के बाद आती थी। आखिरकार यह फिल्म उनकी हो गई और वह पिंक गर्ल बन गई। मैं ये सब अपने सामने होता देख रही थी।

हॉलीवुड मसाला



# गॉडजिला में भी आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** साल 2014 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'गॉडजिला' में भी एलिजाबेथ ओल्सन अहम भूमिका निभा चुकी हैं। इस फिल्म में उन्होंने फोर्ड की पत्नी एले ब्रॉडी की भूमिका निभाई है, क्योंकि जब राक्षस सैन फ्रांसिस्को तक तैरता हुआ जाता है, तो वह भी गॉडजिला का सामना करती हैं। एमसीयू में स्कार्लेट विच की भूमिका ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। मार्वल की दुनिया में एंट्री लेने से पहले एलिजाबेथ ओल्सन कई फिल्में कर चुकी थीं, लेकिन विश्व स्तर पर पहचान उन्हें एमसीयू के बैनर तले ही मिली।



# खूब हुआ था 'द रियल वर्ल्ड' पर विवाद...

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल वर्ल्ड' एमटीवी का पॉपुलर अमेरिकी रियलिटी शो है, जिसने 1992 से 25 साल तक राज किया। इस शो ने 'बिग ब्रदर' और 'जर्सी शोर' जैसे शोज को प्रेरित किया। 33 सीजन और 614 एपिसोड प्रसारित हुए।'द रियल वर्ल्ड'ने अपार सफलता हासिल की तो उतना ही इसने कई विवादों का भी सामना भी करना पड़ा। कुछ लोगों ने शो पर आरोप लगाया कि यह नेगेटिव बर्ताव व चिल्लम-चिल्ली को बढ़ावा देता है तो कुछ ने इसे 'स्क्रिप्टेड'भी बताया।'द रियल वर्ल्ड'का मूल कांसेप्ट बेहद सरल, लेकिन बड़ा दिलचस्प था। जहां कुछ अजनबियों को एक साथ लाया जाता है। अलग- अलग क्षेत्र के दिग्गज को एक घर में कुछ महीने के लिए 25 घंटे कैमरों की नजरों के सामने कैद रखा जाता। जहां कभी इनकी दोस्ती होती दिखती तो कभी दुश्मनी, बिल्कुल बिग बॉस जैसी।



# पुरानी फिल्म नेटफ्लिक्स पर हुईं ट्रेंड...

**मुंबई।** सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज कुछ दिनों पहले रिलीज हुई है जिसे काफी पसंद किया गया है। इस फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है ओटीटी पर और इसकी रेटिंग भी अच्छी है। हालांकि, इस फिल्म के बाद से सान्या की पुरानी फिल्मों को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है ओटीटी पर। सान्या की पहले रिलीज हुई फिल्म पगलेट और मीनाक्षी सुंदरेश्वर आज भारत में टॉप 10 की लिस्ट में चौथे और पांचवें नंबर पर है। मिसेज फिल्म की डायरेक्टर आरती यादव भी इससे काफी खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ऐसा बहुत ही कम होता है। हमारी फिल्म मिसेज ने नेटफ्लिक्स की रैंकिंग में भी बदलाव लाई है, क्योंकि लोग सान्या मल्होत्रा की बाकी फिल्म भी देख रहे हैं। बहुत ही शुक्रगुजार हूं और ब्लेस्ड फील कर रही हूं।'



# सलमान-संजय दुबई में कर रहे शूटिंग...

**नई दिल्ली।** सलमान खान और संजय दत्त सऊदी अरब में हॉलीवुड थ्रिलर फिल्म की शूटिंग के लिए पहुंचे हैं। इस फिल्म में दोनों का कैमियो रोल रहेगा। शूटिंग सऊदी के अलऊला स्टूडियो में हो रही है। इस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट का टाइटल अभी छिपाकर रखा गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान और संजय दत्त अमेरिकी थ्रिलर के कुछ बेहद खास सीन में नज़र आएंगे। डस्ट्री के इनसाइडर का कहना है कि फिल्म का लक्ष्य दुनिया भर की ऑडियंस को अपनी तरफ खींचना है। 'सलमान और संजय को दुनिया भर में लोग पहचानते हैं, खासकर मिडल ईस्ट में। उनके सीन इसलिए डाले गए हैं ताकि ये दर्शकों पर एक अलग प्रभाव छोड़े।' अलऊला स्टूडियो अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शन के लिए अब फिल्म इंडस्ट्री का फेवरेट जगह बन चुका है।

टीवी मसाला



# इस हफ्ते के टॉप 10 टीवी सीरियल्स तारक मेहता के लिए खुशखबरी...

**नई दिल्ली।** 2025 के छठे हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी हो गई है। इस बार टीआरपी में बड़ा उल्ट-फेर देखने को मिला है। स्टार प्लस का सीरियल अनुपमा एक बार फिर नंबर 1 से नीचे आ गया है। वहीं, सब टीवी का सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टॉप 5 में आ गया है। उड़ने की आशाः पिछले हफ्ते अनुपमा नंबर 1 पर था, लेकिन इस हफ्ते अनुपमा की टीआरपी में गिरावट देखने को मिली है। इसी के साथ उड़ने की आशा नंबर 1 पर आ गया है। उड़ने की आशा की इस हफ्ते की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। नंबर 1 से हटकर इस हफ्ते अनुपमा नंबर दो पर आ गया है। ये रिश्ता क्या कहलाता है पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी तीसरे नंबर पर है। इसकी टीआरपी पिछले हफ्ते भी दो थी, इस हफ्ते भी ये रिश्ता क्या कहलाता है कि टीआरपी 2 है। स्टार प्लस का सीरियल झनक पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी नंबर चार पर है। पिछले हफ्ते झनक की टीआरपी 1.9 थी। वहीं, इस हफ्ते झनक की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। सब टीवी के सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा की टीआरपी में बड़ी बढ़ते देखने को मिली है। पिछले हफ्ते तारक मेहता का उल्टा चश्मा नंबर आठ पर था। वहीं, इस हफ्ते ये सीरियल टॉप 5 में अपनी जगह बना पाने में कामयाब हुआ है। हालांकि, दोनों हफ्ते में इसकी टीआरपी 1.7 दर्ज की गई। नंबर 6 की बात करें तो इस हफ्ते 1.7 रेटिंग के साथ मंगल लक्ष्मी-लक्ष्मी का सफर नंबर 6 पर है। एडवोकेट अंजलि अवस्थी की रेटिंग 1.7 पर है। ये सीरियल सातवें नंबर पर है। कलर्स का सीरियल लाफ्टर शेफ टॉप 10 की लिस्ट में है। सीरियल की रेटिंग 1.7 है और ये 9वें नंबर पर है। वहीं, 10वें नंबर पर गुम है किसी के प्यार में है। इसकी टीआरपी 1.4 दर्ज की गई है।

## चारू हुई लापता! विद्या के हाथ लगी शिवानी की फोटो, कावेरी ने मिटाए सबूत..!

**नई दिल्ली।** एपिसोड की शुरुआत अभिरा द्वारा कावेरी को माधव की फोटो जलाने से रोकने और उससे भिड़ने से होती है। कावेरी को शक है कि



अभिरा को शिवानी के बारे में पता हो सकता है, जबकि अभिरा को ये शंका होती है कि कावेरी अरमान की असली मां के बारे में सच्चाई छिपा रही है। कावेरी उससे जवाब देने से बचती है और ये टकराव दोनों के रिश्ते में टेंशन बढ़ा देता है। संजय मनीष से एक नई शुरुआत करने के लिए कहता है और मनीष उसे माफ कर देता है। पोद्दार गोयनका का स्वागत करते हैं और इस अवसर पर रूही कमेंट करती है कि अभिरा की शादी दोनों परिवारों के लिए नया ट्विस्ट ला सकती है। अरमान अभिरा की तलाश करता है और इस दौरान आरके को पता चलता है कि कावेरी ने उसे आमंत्रित करने के बारे में झूठ बोला था।

# जया बच्चन का खुशमिजाज अंदाज हुआ वायरल...

**मुंबई।** आदर जैन और अलेखा आडवाणी की मेहंदी सेरेमनी की फोटोज सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। रितेश सिधवानी, जया बच्चन, नीतू कपूर, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, करीना कपूर से लेकर पूरा कपूर खानदान और अन्य सेलेब्स नजर आए। ये शाम मुंबई के वर्ली के एनएससीआई क्लब में सजी। इस दौरान बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस जया बच्चन भी मौजूद थीं। दरअसल, बच्चन फैमिली और कपूर फैमिली की रिश्तेदारी भी है। ऐसे में वह कपूर फैमिलीज के फंक्शन में जरूर पहुंचते हैं। इस इवेंट से जया बच्चन का वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है। उन्होंने पापाराजी के साथ हंसते हुए बातचीत कर सबका ध्यान खींचा।आमतौर पर जया बच्चन पापाराज़ी के साथ ज्यादा खुश नहीं दिखती हैं। उनकी कई बार पैप्स से नोकझोंक भी हो चुकी है। लेकिन, इस बार उन्होंने बड़े ही खुशमिजाज अंदाज में सबकी बातों का जवाब दिया। जया बच्चन



के लुक की बात करें तो वह एक खूबसूरत मल्टीकलर जैकेट पहनी हुई थी। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी'की एक्ट्रेस जया बच्चन के साथ काजल आनंद, अनीसा मल्होत्रा और निताशा नंदा भी नजर आईं। जया बच्चन से पापाराज़ी ने उनसे पूछा - जया जी, आप कैसी हैं? , तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया आपकी कृपा है।

# रेडियो प्रोग्राम के साथ लाखों दिलों की आवाज बने अमीन सयानी, 42 साल तक होस्ट किया 'गीतमाला'

*__नई दिल्ली।__ तीन पीढ़ियों से भारतीयों के लिए बॉलीवुड और रेडियो का मतलब एक ही नाम था - अमीन सयानी। सयानी ने 1950 के दशक की शुरुआत में बॉलीवुड गानों के साप्ताहिक काउंटडाउन शो के साथ अपना कॅरियर शुरू किया था और छह दशकों से अधिक समय तक भारत के आकाशवाणी पर छाए रहे। पिछले साल यानी 2024 को रेडियो होस्ट के तौर पर लाखों दिलों पर राज करने वाले अमीन सयानी ने इस दुनिया को अलविदा कह गए थे। करोड़ों लोगों के घरों में प्रवेश करने वाली आवाज 20 फरवरी, 2024 को आखिरी बार खामोश हो गई थी।*

*__पीढ़ी के अंतर को मिटाया__ : अपने श्रोताओं के लिए अमीन सयानी एक प्रस्तुतकर्ता से कहीं बढ़कर थे। एक गर्मजोशी भरी, दयालु आवाज के साथ उन्होंने प्रसारण की एक आनंदमय, अनोखी शैली विकसित की, जो एक सच्चे दोस्त की छवि को जन्म देती थी, जो रेडियो सेट के माध्यम से प्रत्येक श्रोता से सीधे बात करता था। एक ऐसा दोस्त, जिसने एक ऐसा पंथ बनाया, जो पीढ़ी के अंतर को नहीं जानता था और जिसने बॉलीवुड के गीतों और उसके श्रोताओं के बीच एक प्रेम संबंध को बढ़ावा दिया।*

*__गीतमाला बनी पहचान__ : अमीन का मूल*



*रेडियो शो बिनाका गीतमाला 42 वर्षों तक चला, जिसने कई गीतकारों, संगीतकारों और गायकों को घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया और यहां तक कि कई फिल्मों को गुमनामी से भी बचाया।*

*__50 हजार से ज्यादा कार्यक्रम किए होस्ट__ : स्वतंत्र भारत की यात्रा के दौरान अपने कॅरियर में अमीन सयानी ने कम से कम 50 हजार रेडियो कार्यक्रम रिकॉर्ड किए, 19,000 जिंगल्स में अपनी आवाज दी। टीवी शो की मेजबानी की और कुछ बॉलीवुड फिल्मों में वॉयसओवर और अक्सर रेडियो प्रस्तोता के रूप में कैमियो किया।*

*__फिल्मों में भी छाए अमीन__ : रेडियो ने अमीन सयानी को जो पहचान दिलाई, वह बहुत आगे तक गई। वे कई फिल्मों में रेडियो अनाउंसर के तौर पर नजर आए। इनमें भूत बंगला, तीन देवियां, बॉक्सर और कत्ल जैसी फिल्में शामिल हैं।*

## प्रतिबंध के साथ शुरू हुआ था कॅरियर

अमीन सयानी का रेडियो कॅरियर प्रतिबंध के साथ शुरू हुआ। 1952 की सर्दियों में भारत के संघीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर ने फिल्मी गीतों को राष्ट्रीय प्रसारण से यह कहते हुए हटा दिया कि उनके बोल तर्कहीन, अश्लील, पश्चिमीकृत और भारतीय शास्त्रीय संगीत के लिए खतरा हैं। आकाशवाणी पर फिल्मी गीतों की जगह हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत ने ले ली। घोषणाएं और समाचार बुलेटिन तेजी से पैर जमाने लगे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कोलंबो, श्रीलंका में दक्षिण एशिया में तैनात ब्रिटिश सैनिकों तक संगीत और समाचार पहुंचाने के लिए स्थापित रेडियो स्टेशन रेडियो सीलोन को इसमें एक अवसर नजर आया। इसने एक प्रायोजक- टूथपेस्ट ब्रांड बिनाका टॉप और एक स्टूडियो मालिक-निर्माता अमीन सयानी के बड़े भाई हामिद को शामिल किया।

## भारतीय सिनेमा की विविधता को दर्शाता है नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया

# फिल्म फेस्टिवल में श्याम बेनेगल को किया जाएगा याद

*__नई दिल्ली।__ नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया में भारतीय सिनेमा की फिल्मों को प्रदर्शित किया जा रहा महोत्सव में निर्देशक श्याम बेनेगल की फिल्मों को दिखाकर उनके काम को याद करके उन्हें सम्मान दिया जाएगा।*

### फिल्म फेस्टिवल में दिखेंगी ये फिल्में

श्याम बेनेगल की फिल्मों को इस नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया में दिखाया जाएगा। इसमें ये फिल्में शामिल हैं-

- फरीदा जलाल, सुरेखा सीकरी, अमित फाल्के और रजित कपूर अभिनीत 'मम्मो'
- पल्लवी जोशी, रजित कपूर और रघुबीर यादव अभिनीत 'सूरज का सातवां घोड़ा'
- रजित कपूर अभिनीत 'द मेकिंग ऑफ महात्मा'
- शेख मुजीबुर रहमान के जीवन पर आधारित उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 'मुजीबः मेकिंग ऑफ ए नेशन'

### 2 मार्च तक चलेगा फिल्म महोत्सव

यह फिल्म महोत्सव 13 फरवरी शुरू हुआ है जो 2 मार्च तक चलेगा। महोत्सव में कई सारे फिल्म निर्माता और उनके काम को करीब से जानने का मौका सिनेमाप्रेमियों को मिलने वाला है। यह ऑस्ट्रेलिया का



एकमात्र वार्षिक राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव है, जो बॉलीवुड से परे भारतीय सिनेमा की विविधता को दर्शाता है।

### ऑस्ट्रेलिया के इन स्थानों पर हो रहा आयोजित

इस महोत्सव में 35 से ज्यादा विश्व और ऑस्ट्रेलियाई भारतीय फिल्मों का प्रीमियर होगा। यह फिल्म महोत्सव सिडनी, मेलबर्न, ब्रिसबेन, गोल्ड कोस्ट, पर्थ, एडिलेड और कैनबरा में आयोजित किया जा रहा है।



### 13 राष्ट्रीय पुरस्कार, पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित

- श्याम बेनेगल के नाम सबसे ज्यादा राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अलग-अलग कैटेगरी में 13 राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किए।
- अपने करियर में 24 फिल्में, 45 डॉक्यूमेंट्री और 15 एड फिल्में बनाने वाले श्याम बेनेगल को फिल्म जगत को दिए योगदान के लिए 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।
- बेनेगल को 2005 में भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड भी दिया गया।